सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

31 मार्च, 2016

## शून्य काल

श्री संजय सरावगी : दरभंगा शहर के लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना , कन्या विवाह योजना, पारिवारिक लाभ एवं लोक सेवा अधिकार के तहत आने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए सदर प्रखण्ड मुख्यालय में आवेदन के लिए जाना पड़ता है जिससे अत्यधिक कठिनाई होती है । अतः जनहित में दरभंगा नगर निगम परिसर में लोक सेवा अधिकार का काउन्टर खोला जाय ।

डा0 सुनील कुमार : अध्यक्ष महोदय, नालन्दा जिला मुख्यालय, बिहारशरीफ नगर निगम में उपलब्ध राशि से दिनॉंक 20-09-14 को पारित योजना भैंसासुर घर्मशाला सोहसराय अड्डा पर एवं श्रृंगार हाट में कुछ प्रवाही नलकूप निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन और नगर विकास विभाग से अविलंब स्वीकृति हेतु मैं शून्य काल में सूचना देता हूॅं ।

श्री मिथिलेश तिवारी : अध्यक्ष महोदय, गोपालगंज के महम्मदपुर थाना अन्तर्गत 30-03-2016 रात्रि साढ़े नौ बजे केन बम विस्फोट से गोपालपूर निवासी तिलकधारी शाह सहित उनके दो पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए हैं । यहीं पर पूर्व में केन बम को डिफ्यूज किया गया था । घायलों को दो-दो लाख की सहायता के साथ घटना की उच्चस्तरीय जॉंच करायी जाय।

श्री यदुवंश कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, बी0एन0मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के कुलपति की अवैध नियुक्ति एवं इनके द्वारा विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं करोड़ों की वित्तीय अनियमितता के विरुद्ध श्रीमती रींकी युदवंशी द्वारा शपथ पत्र के साथ आवेदन के आधार पर गठित निगरानी जॉच दल के उदासीनता के चलते मामला रफा दफा करने के लिए आवेदिका के पति पर दबाव एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है । शीघ्र जॉच निगरानी विभाग से करवाकर दोषी को दंडित करने के लिए मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूॅं।

श्री मो0 नवाज आलम : भोजपुर जिला मुख्यालय, आरा में प्रतिदिन जाम बना रहता है । जिसके कारण एम्बबुलेंस सेंवा सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं समय पर नहीं हो पाती । आरा शहर को जाम से निजात दिलाने हेतु धरहरा पुल के बांधा होते हुए मंझौआ तक रिंग सड़क का निर्माण कराने की मांग करता हूॅं ।

श्री विनोद कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत शीतलपुर पंचायत के विशनपुर मैदान में निविदा तथा प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद भी दो तीन असामाजिक तत्वों के द्वारा दो वर्षों से पंचायत राज सरकार भवन के निर्माण में जबर्दस्त व्यवधान पैदा किया गया है तथा संवेदक से फिरौती की मांग की गयी है अत: विशनपुर मैदान में पंचायत राज सरकार भवन का निर्माण कराते हुए, दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग करता हूँ ।

श्री विनोद प्रसाद यादव : महोदय, गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के अपर मोरहर नहर की सफाई नहीं होने से अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है । किसानों को खरीफ एवं रब्बी फसलों की सिंचाई में कठिनाई होती है । सिंचाई सुविधा हेतु अपर मोरहर नहर के सभी तटबंधों का पक्कीकरण एवं सफाई करायी जाय ।

टर्न-9/विजय/ 31.03.16

श्री अशोक कुमार सिंह(224): पटना नगर निगम अन्तर्गत वार्ड नं0-05 राजा बाजार आशियाना मोड़ पी0एन0बी0 बैंक के बगल में सीता राम इन्कलव अपार्टमेंट के द्वारा शौचालय के पानी का बहाव सड़क पर होता है ।

श्री सुबोध राय: भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड प्रखंड मुख्यालय बाजार और इर्द-गिर्द महल्ला पन्द्रह हजार से अधिक आबादी का व्यस्तम एवं घनिष्ट इलाका है। यहां पेयजल आपूर्त्ति का कोई साधन नही रहने के कारण पेयजल का घोर संकट व्याप्त है ।

श्री संजीव चौरसिया: दीघा रेलवे सुरक्षा बांध से दीघा लख तक प्रस्तावित एलिभेटेड रोड बनने के कारण गंगा की धारा आम लोगों के पहुंच से बाहर हो जायेगी । लोगों की गंगा में आस्था एवं किसानों को खेत तक पहुंचने के लिए पाटीपुल, मीनार, जनार्दन एवं अन्य घाटों के सामने गंग तक जाने के लिए सब-वे की मांग करता हूं ।

मो0 नेमतुल्लाह: पटना सिटी में गोवर्धन मंदिर से गायब हुए आचार्य चाणक की मूत्ति पर चौक थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या-166/2009 पर कार्रवाई तथा शहजहां काल में निर्मित कराया गया । अजीमाबाद के तत्कालीन गर्वनर सैपु अली खॉं का चिमनी घाट पर एक बीघा भूमि पर निर्मित मकबरा पर हो रहे अतिक्रमण हटाने के बिंदु पर शून्य काल के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई की मांग करता हूं ।

श्री राणा रणधीरः पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत फेनहारा प्रखंड के खानपिपरा पंचायत में ककरहिया नाला पर पुल नहीं रहने के कारण पंचायत के कई गांवों का सीधा सम्पर्क प्रखंड मुख्यालय तथा अनुमंडल से नहीं है । अतः जनहित में ककरहिया नाला पर पुल का निर्माण अतिशीघ्र करायी जाय ।

श्री केदार प्रसाद गुप्ताः मुफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड महु मुख्य पथ से छितरौली मकसुदपुर सड़क काफी जर्जर है, लोग रोज गिरकर घायल हो रहे हैं । एक की मृत्यु हो गयी है । सड़क की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग से दो वर्ष पूर्व हो चुका है । जनहित में यथाशीघ्र बनवाने की मांग करता हूं ।

श्री ललन पासवानः रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड के मड़कन गांव में जाने को ग्रामीण कार्य विभाग का सड़क बद से बदतर है । चेनारी शिवसागर मुख्य मार्ग के बहेरी गांव से मड़कन तक कच्ची पथ है ।

हम सरकार से मांग करत हैं कि उक्त गांवों में आवागमन हेतु सड़क बनावें ।

श्रीमती पूनम देवी यादवः खगड़िया मुख्यालय से सटे बाजार समिति अवस्थित अग्निशमन कार्यालय में चार महीने से दूरभाष सेवा ठप है, जिसके कारण आग लगने की सूचना दे पाने में सक्रियजन विफल हो जाते हैं । फलस्वरूप आग पर काबू पाना बेमुश्किल हो जाता है । अतः सरकार उक्त कार्यालय में दूरभाष सेवा यथाशीघ्र चालू करावे ।

श्री मुंद्रिका सिंह यादवः जहानाबाद जिला, शकुराबाद थाना, नारायणपुर पंचायत ग्रम-जानकी कुंड, पतियामा टोला मच्छारा, विशुनपुर, टोला गया बिगहा, रतनी प्रखंड, लाखापुर पंचायत-गां0-धावापुर, अजन विगहा, लाखापुर-मुशहरी एवं सिकन्दरपुर पंचायत के ग्राम-पाण्डेयचक, बेलदारी विगहा, गुलाबगंज, मेवाबाजार, ब्रह्मस्थान, सरेया टोला-इतवरण विगहा, कबबाँ टोला- उदयपुरा में बिजली नहीं है। सरकार से विद्युतीकारण की मांग करता हूं ।

श्री अशोक कुमार सिंह(203): राज्य में जुनियर तरंग प्रतियोगिता चल रही है किन्तु अधिकारियों के लापरवाही के चलते रामगढ़ के बच्चे भाग नहीं ले सके जबकि रामगढ़ का छात्र नीतीश वर्ष 2015 में राज्यस्तरीय तरंग प्रतियोगिता के कविता लेखन में राज्य में प्रथम आया था । मैं दोषी पाधिकारियों पर कार्रवई की मांग करता हूं ।

श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा: बिहार सरकार नेट-बेट क्वालिफाई अभियर्थियों का नियुक्ति केवल डिग्री महाविद्यालय में ही होता है, लेकन इन अभियर्थियों की नियुक्ति 10 प्लस टू विद्यालय में कर दिया जाय ताकि शैक्षनिक स्थिति में सुधार हो सके ।

अत: इस गंभीर विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रश्नाधीन अभियर्थियों को नियुक्त कराने की मांग करता हूं ।

श्री विजय कुमार खेमका: पूर्णिया जिलान्तर्गत पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक में कोई महिला महाविद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्राओं को पठन पाठन हेतु प्रख्ंड से 15 से 20 कि0मी0 दूर आना जाना पड़ता है । इससे भारी कठिनाई होती है ।

अत: उक्त प्रखंड के रानीपतरा या बेलोरी में महिला महाविद्यालय खोलने की मांग करता हूं ।

श्री बशिष्ठ सिंह: रोहतास जिलान्तर्गत कोचस प्रखंड के अन्हारी गांव की जनसंख्या 1400 है और यह गांव कोर नेटवर्क में भी सूचीबद्ध है लेकिन अभी तक यह गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है ।

सरकार से मांग करता हूं कि सासाराम-चौसा पथ से अन्हारी गांव तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाय ।

श्री जिवेश कुमार: बिहार में भाषा के आधार पर कई विषयां के शिक्षकों की नियुक्ति हुई जैसे उर्दू एवं बंगला शिक्षक जबकि मैथिली भाषा संविान के अष्टम अनुसूची में भी शामिल है परंतु अबतक मैथिली शिक्षकों की बहाली नहीं हुई है।

सरकार जल्द से जल्द मैथिली विषय के शिक्षकों की बहाली करे।

श्रीमती भागीरथी देवी: पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर एवं गौनाहा में मच्छड़ां का प्रकाप काफी बढ़ गया है जिससे लोग बीमार होते जा रहे हैं ।

आग्रह है कि रामनगर के नगर एवं ग्रामीा में तथा गौराहा प्रखंड में फौगिंग मशीन से तथा ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव द्वारा राहत पहुंचायी जाय ।

श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव: नालंदा जिला अन्तर्गत हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल जहां लगभग तीन विधान सभा क्षेत्र के लोगों का सरोकार है उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में अंतपरीक्षक की व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगों को लंबी दूरी तय करना पड़ता है । अत: सरकार से हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में अंतपरीक्षक की व्यवस्था करने की मांग करता हूं ।

श्री रामदेव रायः बिहार के मगध, मिथिला, वीर कुंवर सिंह, बी0एन0 मंडल विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में 10.02.89 से पूर्व नियुक्त एवं कार्यरत तदर्थ व्याख्याताओं की सेवा सामंजन अबतक न होने से उनका भविष्य अंधरकारमय है । अतएव, सरकार शीघ्र उनकी सेवा सामंजन कर न्याय दे ।

श्री सत्यदेव रामः सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के ग्राम सहजनिया निवासी नगराराये राम की हत्या दिनांक 08.07.15 को उसी प्रखंड के सरहरवा निवासी वोकिली सिंह, मुन्ना सिंह ने मजदूरी मांगने पर कर दी । नगर थाना कांड संख्या-282/15 नामजद प्राथमिकी दर्ज है ।

अतः पीड़ितों को मुआवजा और अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग करता हूं ।

श्री विद्या सागर केशरीः अररिया जिलान्तर्गत पुलिस प्रशासन के संरक्षण में बंगलादेश से जुड़ पशु तस्करी मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है । प्रतिदिन जिले के विभिन्न मार्गों से वाहनों द्वारा तस्करी को अंजाम स्थानीय स्तर पर इंट्री माफियाओं द्वारा दी जा रही है जो बंगलादेशी कनेक्शन के कारण आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक है, सदन का घ्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

डॉ0 सी0एन0 गुप्ताः सारण प्रमंडलीय मुख्यालय छपरा के सदर अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ मूर्च्छक एवं चिकित्सा पदाधिकारी रक्त अधिकोष का पद वर्षो से रिक्त है। छपरा सदर अस्पताल में स्वीकृत 206 शय्याओं के बजाय मात्र 100 शय्या ही रोगियां के लिए उपलब्ध ह । आइ0ी0यू0 का कार्य बिना मूर्च्छक (एनेसथेटिक) के हो रहा है । सरकार विभिन्न पदों पर जल्द पदस्थापन करे ।

टर्न-10/राजेश/31.3.16

श्री अचमित ऋषिदेवः- अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में विजय चौक गुणवंती से पूरबटोला हॉसामुशहरी बजरंगवली चौक होकर घनी आबादी से गुजरते हुए एन0एच0 327 E में मिलने वाली कच्ची सड़क में कैथा धार में उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल बनाने एवं सड़क का पक्कीकरण करने की मांग सरकार से करता हूँ।

श्री सरोज यादवः- अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर बबूरा जमालपुर पथ को फोर लेन बनाया जा रहा है। जिसपर बाईपास का निर्माण जमालपुर में करने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा अधिसूचना जारी किया गया लेकिन अधिसूचना को अनदेखी कर घनी आबादी से फोर लेन बनाया जा रहा है।

अतः सरकार बाईपास बनाए ।

श्री विजय कुमार सिन्हाः- अध्यक्ष महोदय, लखीसराय जिलान्तर्गत अमहरा पंचायत में 6, मोरमा पंचायत में 6, बेलौरी पंचायत में 3 एवं बड़हिया प्रखंड, रामगढ़ प्रखंड एवं हलसी प्रखंड में लगाये गए एक भी नलकूप चालू नहीं है।

अतः सरकार से जिले में बंद पड़े सभी नलकूपों को चालू कराने की मांग करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय, डीजल अनुदान पर जो खर्च होता है,उस राशि को अगर हम नलकूपों की मरम्मति पर लगा दे, तो किसानों को बहुत बड़ा राहत मिलेगा, जमीन की सिंचाई के लिए और बिहार के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य होगा, चूंकि गर्मी का मौसम आ रहा है, इसलिए नलकूपों को चालू करना बहुत ही आवश्यक है।

अध्यक्षः- ध्यानाकर्षण सूचना ।

श्री प्रेम कुमारः- अध्यक्ष महोदय, हमने कहा था छात्रवृत्ति घोटाला हो रहा है पूरे राज्य में ।

अध्यक्षः- वह तो आप कह चुके।

श्री प्रेम कुमारः- महोदय, मैंने आग्रह किया था लेकिन सरकार का जवाब नहीं आया और 5 डिसमिल जमीन देने की बात भी सरकार ने कही थी, इसकी घोषणा भी की गयी थी, उसी तरह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कन्या विवाह योजना में भी राशि जिलों में नहीं जा रही है, कबीर अन्त्येष्टि योजना की भी राशि नहीं जा रही है जिलों में, इससे गरीबों को काफी कठिनाई हो रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी सदन में मौजूद है, मैं आपके माध्यम से आग्रह करेंगे महोदय कि गरीबों की जो राशि है, वह जिलों में राशि निश्चित रुप से जाय और छात्रवृत्ति घोटाले की राशि की जांच सी0बी0आई0 से करायी जाय ........

(व्यवधान)

अध्यक्षः- आपकी बातों को माननीय मुख्यमंत्री जी वैसे भी सुनते रहते हैं । ध्यानाकर्षण सूचना ।